PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

Class -10

Subject -Hindi Sample paper

M M-60

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें- (5)

भारतवर्ष पर प्रकृति की विशेष कृपा रही है। यहाँ सभी ऋतुएँ अपने समय पर आती हैं और पर्याप्त काल तक ठहरती हैं। ऋतुएँ अपने अनुकूल फल-फूलों का सृजन करती हैं। धूप और वर्षा के समान अधिकार के कारण यह भूमि शस्यश्यामला हो जाती है। यहाँ का नगाधिराज हिमालय कवियों को सदा से प्रेरणा देता आ रहा है और यहाँ की नदियाँ मोक्षदायिनी समझी जाती रही हैं। यहाँ कृत्रिम धूप और रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारतीय मनीषी जंगल में रहना पसन्द करते थे। प्रकृति-प्रेम के ही कारण यहाँ के लोग पत्तों में खाना पसन्द करते हैं। वृक्षों में पानी देना एक धार्मिक कार्य समझते हैं। सूर्य और चन्द्र दर्शन नित्य और नैमित्तिक कार्यों में शुभ माना जाता है। पारिवारिकता पर हमारी संस्कृति में विशेष बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में शोक की अपेक्षा आनन्द को अधिक महत्त्व दिया गया है। इसलिए हमारे यहाँ शोकान्त नाटकों का निषेध है। अतिथि को भी देवता माना गया है - 'अतिथि देवो भव'।

प्रश्न 1. भारतीय संस्कृति में विशेष बल दिया जाता है

(क) धर्म पर

(ख) इतिहास पर

(ग) परिवार पर

(घ) समाज पर

प्रश्न 2. 'अतिथि देवो भव' मूलतः किस देश की संस्कृति मानी जाती है?

(क) श्रीलंका

(ख) मॉरीशस

(ग) भूटान

(घ) भारत

प्रश्न 3. भारतीय संस्कृति में नैमित्तिक कार्यों में शुभ माना जाता है

(क) शनि-राहु

(ख) सूर्य-चन्द्र

(ग) मंगल-बृहस्पति

(घ) शुक्र-बुध

प्रश्न 4. भारत में मोक्षदायिनी स्वरूप माना गया है
(क) पर्वतों का
(ख) नदियों का
(ग) मैदानों का
(घ) पेड़-पौधों का

प्रश्न-5दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए-

(क) पर्वतों का महत्व
(ख) नदियों का महत्व
(ग) मैदानों का महत्व
(घ) प्रकृति का महत्व

प्रश्न 2-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-(5)

*फूलों की राह पुरानी है,*
*शूलों की राह नई साथी*
*सुमनों के पथ पर चरणों के*
*कितने ही चिह्न पड़े होंगे*
*लालायित फिर भी चलने को*
*कितने ही चरण खड़े होंगे।*
*पर, गैल अछूती शूलों की*
*जो चूमे वही जवानी है,*
*जो लहू सींच कर बढ़ते हैं*
*उनका ही कच रवानी है।*
*जीवन की चाह पुरानी है*
*मरने की चाह नई साथी*
*फूलों की राह पुरानी है*
*शूलों की राह नई साथी।*

प्रश्न 1. 'फूलों की राह पुरानी है' में 'राह पुरानी' से आशय है -
(क) पुराना रास्ता
(ख) बनी-बनाई राह

(ग) स्वयं द्वारा बनाई राह
(घ) औरों द्वारा बनाई राह

प्रश्न2-'फूल' प्रतीक है-
(क) कोमलता का
(ख) कठोरता का
(ग) संकटों का
(घ) सुन्दर कल्पनाओं का

प्रश्न-3-'गैल अछूती' से तात्पर्य है-
(क) जिस रास्ते को किसी ने छुआ नहीं
(ख) रास्ता अछूता है
(ग) जिस रास्ते पर आज तक कोई गया नहीं
(घ) जो गीला, अछूत

प्रश्न 4. 'जो लहू सींच कर बढ़ते हैं' किसके लिए कहा गया है
(क) साहसी
(ख) वीर
(ग) पराक्रमी
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न-5-कूच करना' मुहावरे का अर्थ है –
(क) भाग जाना
(ख) कुछ नया करना
(ग) प्रस्थान करना
(घ) रुके रहना

( व्याकरण)

प्रश्न 3-निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें- (10)

1- रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

क – तीन

ख- चार

ग- पौच

2-मैंने उसे व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कर रहा था । वाक्य भेद बताइए-

क - संयुक्त वाक्य

ख- सरल वाक्य

ग- मित्र वाक्य

3-सरल वाक्य में कितने घटक होते हैं?

क- दो
ख- तीन
ग- चार

4-वाच्य कितने प्रकार के होते हैं?

क- तीन
ख- चार
ग- दो

5-राकेश द्वारा पत्र लिखा जाता है' वाच्य के भेद बताइए।

क) कर्मवाच्य

ख) भाववाच्य

ग) कर्तृवाच्य

6-क्रिया किसके द्वारा संपादित हो रहा है कर्म के द्वारा, कर्त्ता के द्वारा या भाव के द्वारा उसे क्या कहते हैं?

क- वाच्य

ख- वाक्य
ग- क्रिया

7-**.आगे नदिया बड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतारे पारा । राणा ने सोचा इस पार, तब तक घोड़ा था उसे पार-**

**क-अतिशयोक्ति अलंकार**

**ख-उपमा अलंकार**

**ग-मानवीकरण अलंकार**

**8-अर्थालंकार कितने प्रकार के होते हैं-**

**क-पांच**

**ख- तीन**

**घ- चार**

**9-जहां जड़ पर चेतन का आरोप हो,उसे कौन सा अलंकार कहते हैं-**

**क- उत्प्रेक्षा अलंकार**
**ख- अनुप्रास अलंकार**
**ग- रूपक अलंकार**

**10-जहां किसी वस्तु पदार्थ अथवा कथन को बढ़ावा चढ़कर प्रस्तुत किया जाए , उसे कौन सा अलंकार कहते है-**

**क-मानवीकरण अलंकार**

**ख-श्लेष अलंकार**

**ग-इनमें से कोई नहीं**

4-निम्नलिखित  गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें- (5)

ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है, नवाब साहब ने बिल्कुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफ़ायत के विचार से सेकंड क्लास को टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफेदपोश उन्हें मँझले दर्जे में सफर करता देखे। .... अकेले सफर का वक्त काटने के लिये ही खीरे खरीदे होंगे और अब किसी सफ़ेदपोश के सामने खीरा कैसे खाएँ?

हम कनखियों से नवाब साहब की ओर देख रहे थे। नवाब साहब कुछ देर गाड़ी की खिड़की से बाहर देखकर स्थिति पर गौर करते रहे।

'ओह', नवाब साहब ने सहसा हमें संबोधित किया, 'आदाब-अर्ज़, जनाब, खीरे का शौक फरमाएँगे?

**1-लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट किसलिए खरीदा था?**

(a) भीड़ से बचने के लिए

(b) अपना स्टैंडर्ड दिखाने के लिए

(c) एकांत में नयी कहानी के संबंध में सोचने के लिए

**2-डिब्बे में लेखक के प्रवेश करते ही नवाब साहब के आँखों में कैसा भाव दिखा?**

(a) ख़ुशी के

(b) असंतोष के

(c) दुःख के

(d) संतोष के

**3-सफ़ेदपोश' का अर्थ है-**

(a) सफ़ेद कपड़े

(b) सफ़ेद कपड़े पहनने वाला

(c) साफ़-सुथरा

(d) भद्रपुरुष

**4-लेखक के अनुमान के प्रतिकूल क्या था?**

(a) डिब्बा खाली नहीं था

(b) डिब्बा भरा हुआ था

(c) डिब्बा साफ़ नहीं था

(d) डिब्बा छोटा था

**5-लेखक की पुरानी आदत क्या थी?**

(a) अकेले में गीत गाना

(b) अकेले में सो जाना

(c) अकेले में तरह-तरह की कल्पनाएँ करना

(d) पुस्तकें पढ़ना

1- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-(2)

1-किसकी जोशीली बातों ने लेखिका के रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया?

(a) महात्मा गाँधी की

(b) शीला अग्रवाल की

(c) पिता की

(d) क्रांतिकारियों की

2. मन्नू भंडारी का बचपन कहाँ बीता था?

(a) कलकत्ता

(b) जयपुर

(c) कानपुर

(d) अजमेर

**6निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-(2)**

**कवि ने बादल का आह्वान क्यों किया है?;'**

(a) गर्जन करने के लिए

(b) मधुर राग सुनाने के लिए

(c) वर्षा करने के लिए

(d) छाया करने के लिए

**2. कविता में जल का बरसना किसका प्रतीक है?**

(a) बारिश होना

(b) शांति और सुख की स्थापना

(c) प्यास बुझना

(d) इनमें से कोई नहीं

7-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दें-(5)

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाध के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !
तप्त घरा, जल से फिर
शीतल कर दो
बादल, गरजो !

1-प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने किसका आवाहन किया है?

क-लोगों का

ख- बादलों का

ग--विश्व का

घ- दिशाओं का

2-विकल और अनमैन कौन थे?

-क- बादल नभ

ख- प्रकाश तारा

ग-धारा जल

घ- विश्व जन

3-बादल किसका प्रतीक है?

क-क्रांति और नवचेतना ने

ख-दुखी धारा के

ग-भीषण गर्मी के

घ-शीतल नभ के

4-प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है?

क-फसल

ख-अट नहीं रही

ग-उत्सव

घ- बादल

5-कवि ने 'निदाध' से किसी और संकेत किया है?

क-सप्त धारा

ख-सांसारिक दुखों

ग-सांसारिक सुखों

घ-भीषण गर्मी

( खण्ड- ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

8-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (6)

क-भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

ख-क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप होता है यदि हां तो ऐसे सनको का उल्लेख कीजिए ?

ग-लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराव को अपने शब्दों में लिखिए?

घ- पाठ-एक कहानी यह भी के आधार पर मन्नू भंडारी के स्वाधीनता आंदोलन में मन्नू जी की भूमिका को लिखिए?

9-- निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही तीन प्रश्नो के उत्तर लगभग 60-70 शब्दो में लिखिए- (6)

क-गोपियों के द्वारा उद्धव को भाग्यवान खाने में क्या व्यंग निहित है?

ख-परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?

ग-पाठ के आधार पर तुलसी के भाषा सौंदर्य पर दस पंक्तियां लिखिए?

घ-कविता का शीर्षक उत्साह क्यो रखा गया है?

10- निम्नलिखित प्रश्नो में से किसी एक का उत्तर 40- 50 शब्दो मे लिखिए- (4)

क-**आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?**

**अथवा**

**पाठ में आए ऐसे प्रसंगों का वर्णन कीजिए जो आपके दिल को छू गए हों?**

**भाग-ग( लेखन- कौशल)**

**11-अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए एक ईमेल पत्र नगर निगम अधिकारी को लिखिए। (5)**

**अथवा**

**विवाह में शामिल होने के लिए तीन दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को ईमेल लिखिए ।**

**12-क्लर्क के पद पर आवेदन करने के लिए स्ववृत लिखिए।(5)**

**अथवा**

**'आत्मविश्वास ' विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**